# पत्नी को व्हाट्सएप पर सुसाइड नोट भेजकर पति ने खुद को गोली मारी




**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 20 जुलाई।** किसी युवक के प्रेम के चक्कर में फंसी पत्नी से प्रताड़ित युवक ने व्हाट्सएप पर अपनी पत्नी को सुसाइड नोट भेजा, जिसके कुछ देर बाद उसने कट्टे से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। घटना नूराबाद क्षेत्र के पिलुआ गांव के मजरा डांग का पुरा में शनिवार की शाम को हुई।

जानकारी के अनुसार पिलुआ गांव के मजरा डांग का पुरा में रहने वाले छोटू उर्फ पंजाब सिंह उर्फ प्रदीप जाटव 24 पुत्र दौलतराम जाटव की शादी करीब दो साल पहले ग्वालियर निवासी प्रियंका के

**नूराबाद क्षेत्र के पिलुआ गांव में शनिवार की शाम हुई घटना**

साथ हुई थी। शादी के बाद पत्नी प्रियंका ने एक पुत्र को जन्म दिया था। प्रदीप मुंबई में रहकर होटल पर काम करता था, जबकि पत्नी प्रियंका गांव में परिवारीजनों के साथ रहती थी। मुंबई में रह रहे छोटू उर्फ प्रदीप को उसकी पत्नी प्रियंका




का किसी युवक के साथ लव अफेयर होने की बात पता चली तो करीब 10 दिन पहले प्रदीप मुंबई से गांव आ गया था। यहां प्रदीप ने जब अपनी पत्नी से अफेयर को लेकर चर्चा की, तो दोनों के बीच झगड़ा हुआ, जिसके बाद प्रियंका अपने मायके ग्वालियर चली गई, तब से ही प्रियंका मायके में थी। शनिवार की शाम को प्रदीप ने व्हाट्सएप पर प्रियंका से चैटिंग करते हुए सुसाइड नोट लिखकर उसे सेंड कर दिया। जब काफी देर तक प्रियंका ने सुसाइड नोट को सीन नहीं किया तो प्रदीप ने अपने व्हाटसएप स्टेटस पर सुसाइड नोट लगाया। जिसके बाद कुछ देर बाद सुसाइड नोट को स्टेटस से डिलीट करने के बाद प्रदीप ने कट्टे से खुद को गोली मार ली। लहूलुहान अवस्था में परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, परिजन बोले हत्या की, हंगामा



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 20 जुलाई।** शहर के बड़ोखर इलाके में रहने वाली विवाहिता की शनिवार की रात को

**डेड हाउस पर मायके पक्ष के लोगों ने लगाए आरोप, मर्ग कायम**

संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार की सुबह डेड हाऊस पर पोस्टमार्टम होने से पहले मायके पक्ष के लोग पहुंचें तो उन्होंने ससुरालीजनों पर हत्या किए जाने के आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। कड़ी मशक्कत के बाद सीएसपी दीपाली चंदौरिया ने समझाईश देकर हंगामा शांत कराया। जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जा सका।

जानकारी के अनुसार बड़ोखर क्षेत्र में रहने वाली विवाहिता जलेसा बाई प्रजापति 38 पत्नी दिनेश प्रजापति को ससुरालीजन शनिवार की रात को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचें थे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम होना था। लेकिन उससे पहले ही मृतिका के मायके पक्ष के लोग डोंगरपुरा, गोरमी जिला भिंड से मुरैना पहुंच गए। उन्होंने डैड हाऊस पर ससुरालीजनों पर उसकी हत्या किए जाने और मृतिका के पति पर किसी अन्य महिला से अवैध संबंध होने के आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया।

हंगामे की सूचना मिलने के बाद सीएसपी दीपाली चंदौलिया मौके पर पहुंच गई थी। उन्होंने गुस्साए लोगों को समझा-बुझाकर हंगामा शांत कराया। जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### देवास से संगरूर जा रहे हार्वेस्टर चालक की ट्रेन से गिरकर मौत

**मुरैना, 20 जुलाई।** शनिवार को सरायछौला क्षेत्र में रेलवे ट्रेक किनारे पड़े मिले शव की पहचान पंजाब के संगरूर जिले के संजू सिंह के रूप में हुई है। मुरैना पहुंचें परिजन ने बताया की संजू हार्वेस्टर चलाता था, देवास में हार्वेस्टर को छोड़कर वो ट्रेन से संगरूर जा रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया। जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को सरायछौला क्षेत्र से अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ था। मृतक के कपड़ों एवं मोबाइल फोन से उसकी पहचान संजू सिंह 18 पुत्र सत्यपाल सिंह नि. मुंशीवाला गांव, संगरूर, पंजाब के रूप में हुई। जीआरपी की सूचना पर रविवार को संजू के परिजन मुरैना पहुंच गए थे। परिजन ने बताया कि संजू हार्वेस्टर मशीन पर काम करता था, विगत जून माह में हार्वेस्टर लेकर मध्यप्रदेश के लिए रवाना हुआ था। देवास जिले मे काम खत्म करने के बाद संजू ट्रेन में सवार होकर संगरूर स्थित अपने घर जा रहा था। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# शिवभक्ति में डूबा अंबाह, अभिनेता राजपाल ने बनाए पार्थिव शिवलिंग



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 20 जुलाई।** श्रावण मास की पवित्र बेला में अंबाह स्थित जैन बगीची भगवान शिव की भक्ति से सराबोर हो उठी। ब्रह्मलीन संत दद्दा जी की प्रेरणा और उनके ज्येष्ठ पुत्र गृहस्थ संत डॉ. अनिल त्रिपाठी के सानिध्य में चल रहे तीन दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्र यज्ञ के दूसरे दिन रविवार को श्रद्धा की एक अनुपम छवि देखने को मिली।

भव्य आयोजन में फिल्म अभिनेता राजपाल यादव भी शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं के बीच बैठकर पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया और कहा, यह केवल पूजा नहीं, आत्मा को छूने वाला अनुभव है। डॉ. अनिल त्रिपाठी के मार्गदर्शन में दद्दा शिष्य मंडल द्वारा श्रद्धालुओं को मिट्टी की गोलियां, थाली, पूजन सामग्री, दुर्वा, पुष्प, बेलपत्र, पंचामृत आदि वितरित किए जा रहे थे। आयोजन में संत बालकदास महाराज, संत पंचमानंद महाराज, कल्याणी मैया का आगमन भी हुआ, जिससे श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्राप्त हुआ और आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। पार्थिव शिवलिंग निर्माण को श्रावण मास में अत्यंत फलदायी माना जाता है। अंबाह, बरेह, पोरसा एवं समस्त चंबल परिक्षेत्र से आए शिष्यों ने इसे जन-जन की साधना का रूप दे दिया। प्रवचन के दौरान गृहस्थ संत डॉ अनिल त्रिपाठी ने कहा कि दद्दाजी ने अपनी अखंड दृष्टि के चलते खंड में बटी हुई आस्थाओं को पुन: अखंड कर दिया।

# बच्चों में पर्यावरणीय शिक्षा के साथ प्रकृति से प्रेम का भाव विकसित करें

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 20 जुलाई।** प्रकृति और मानव का संबंध केवल भौतिक या उपयोगिता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक आत्मिक और सह-अस्तित्व पर आधारित रिश्ता है।

**बिस्मिल फाउंडेशन व शिक्षक संघ का सेमीनार आयोजित, किया पौधारोपण**

मानव सभ्यता की पूरी यात्रा प्रकृति की गोद में ही विकसित हुई है। इस संबंध की गहराई को समझना सबसे बड़ी आवश्यकता है। अगर हम हरा-भरा, सुरक्षित और संतुलित भविष्य चाहते हैं, तो यह जरूरी है



कि हम अपने बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, करुणा और जिम्मेदारी का भाव विकसित करें। बच्चों को केवल किताबों में पर्यावरण पढ़ाना काफी नहीं, उन्हें प्रकृति के साथ जीना सिखाना होगा।

यह बात पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित व्याख्यानमाला में मुख्यवक्ता बिस्मिल फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने कही। बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान और मप्र शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वाधान में पौधरोपण अभियान के तहत पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिक्षक, समाजसेवी, छात्र उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर आधा दर्जन फल एवं छायादार पौधे भी लगाए। डॉ. सिकरवार ने कहा कि हम जो पौधरोपण करते है वह कोई समाज सेवा नहीं है। यह भविष्य को संवारने और आत्मरक्षा का काम है। अगर हमने आज अपने पर्यावरण की रक्षा नहीं की, तो कल प्रकृति हमें जीने का मौका नहीं देगी। डॉ. सिकरवार कहा कि प्रकृति हमारी जननी है, उसका संरक्षण केवल एक दायित्व नहीं बल्कि कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। जब हम बच्चों को पेड़ लगाना सिखाते हैं, तो हम उन्हें केवल हरियाली नहीं देते, बल्कि जिम्मेदारी का पाठ भी पढ़ाते हैं।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

विनोद सिकरवार, विमलेश यादव, सतंजय मिश्रा, रवि राजपूत, रामबरन शर्मा, जगदीश शर्मा, गिरीश शर्मा, रश्मि अग्निहोत्री, राजेंद्र शर्मा, विनोद शर्मा, मनमोहन सिंह, भारत सिकरवार, शिवराज जालौन, अजय राजपूत आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# प्रकृति को सहेजने के लिए पौधारोपण जरूरी : रजौधा

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 20 जुलाई।** जैन मिलन सुपार्श्वनाथ की जौरा शाखा, जैन बरैया महासभा मुरैना मंडल एवं युवा जैन मिलन की टीम ने रविवार को संयुक्त रूप से सिविल हॉस्पीटल परिसर में वृक्षारोपण

**जैन मिलन सुपार्श्वनाथ संगठन ने जौरा अस्पताल परिसर में किया वृक्षारोपण**

किया। इस मौके पर पूर्व विधायक सूबेदार सिंह रजौधा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में आम, जामुन, अर्जुन, कांजी, शहतूत, गुलमोहर, कचनार, ऊमर सहित विभिन्न



प्रजातियों के फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री रजौधा ने कहा कि लगातार वनों की कटाई और बढ़ते प्रदूषण से पर्यावरण अंसतुलित होता जा रहा है। प्रकृति को सहेजने के लिए हम सबको निरंतर पौधरोपण करना चाहिए। जैन मिलन के अध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि उनकी टीम द्वारा प्रतिवर्ष पौधारोपण किया जाता है। बीते साल रोपे गए 30 पौधों में से 28 पौधे जीवित होकर लगातार वृद्धि कर रहे है। जिसकी वजह पौधारोपण के बाद टीम के सदस्यों द्वारा पौधों की नियमित रूप से देखभाल किया जाना है। रविवार को रोपे गए पौधों की सुरक्षा के लिए संगठन के सदस्यों ने ट्री-गार्ड भी लगाए।

कार्यक्रम में जैन मिलन सुपार्श्वनाथ शाखा जौरा के अध्यक्ष विकास जैन, मंत्री शशांक जैन, वंदेश जैन, उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, दिलीप जैन, मनोज जैन, संरक्षक महावीर जैन, राजेश जैन, बनवारी जैन, शुभम जैन, अनिल जैन, दिव्यांश जैन, कुलदीप वर्मा, मनोज वर्मा, शशि वर्मा, संजय वर्मा, दयानंद वर्मा, अनिल वर्मा, सुनील वर्मा आदि उपस्थित थे।

# रक्तदान है जीवनदान, इससे बड़ा नहीं कोई दान : आनंद

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 20 जुलाई।** रोटरी क्लब चम्बल मुरैना के तत्वावधान में रविवार को जिला अस्पताल के नवीन भवन स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्लब

**रोटरी क्लब का रक्तदान शिविर आयोजित, 10 यूनिट की डोनेट**

के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मिलकर कुल 10 यूनिट रक्तदान किया।

रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3053 के जुलाई माह के पैन प्रोजेक्ट के तहत इस कैंप का आयोजन हुआ। क्लब की ओर से साल में दो बार रक्तदान शिविर आयोजित किए




जाते है। क्लब के डिस्ट्रिक्ट सेकेट्री आनंद गुप्ता ने बताया कि इन कैंपों के माध्यम से जरूरतमंदों को ब्लड उपलब्ध कराना ही रोटरी क्लब का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में रक्तदान जीवनदान के समान है, इससे बड़ा कोई दान नहीं होता है। इस अवसर पर रोटरी चम्बल से डिस्ट्रिक्ट सेक्रेट्री आनंद गुप्ता, आकाश चांदिल, अभय परमार, नीरज बांदिल, अनूप सिंहल, रोहित शिवहरे, तीजेन्द्र खेड़ा, ताराचंद्र शिवहरे, गौरव अग्रवाल, संदीप मित्तल, लकी बंसल, अभिषेक गोयल, जुगल वर्मा, शैलेश मित्तल, प्रवेश वर्मा, नीरज मित्तल, अशोक शिवहरे, राहुल बंसल, सोनू गोयल, गिर्राज अर्गल, विद्याराम राठौर, राहुल जैन, भानू तोमर आदि उपस्थित थे।

### शिविर में इन्होंने किया रक्तदान

रामजीवन उपाध्याय, कुणाल गोयल, रोहित शिवहरे, लक्ष्मण नायर, अंकित अग्रवाल, मुकुल बंसल, मिलन शर्मा, शिवम खरे, मयंक श्रीवास्तव, गौरव गोले ने शिविर में रक्तदान किया। लक्ष्मण नायर, अंकित अग्रवाल, कुणाल गोयल ने जीवन में प्रथम बार रक्तदान किया था।

## एक नजर में




### मुकेश जाटव का शव मिला

**सबलगढ़।** सबलगढ़ खार नाले में 48घंटे पहले डूबे मुकेश जाटव शव आज शाम सात बजे नाले में मिला जे सी वी की मदद से कचरे के नीचे दबी हुई मिली। इससे पूर्व सबलगढ़ खार नाले में डूबे युवक की बॉडी 48 घंटे होंने के बाद भी नहीं मिलने पर परिजनों ने राम मंदिर चौराहे पर जाम लगा दिया जिससे आवागमन तीन घंटे तक अवरुद्ध रहा। पिपरघान रोड़ रपटा पर अत्यधिक खार नाले का पानी 3 दिन से बहने से आवागमन बंद हो गया था एसडीआरएफ की टीम लगातार 24 घंटे से पानी में तलाश कर रही थी। रविवार को सुबह 11:30 बजे राममंदिर तिराहे पर ग्राम पंचायत बत्तोखर के निवासियों ने बहुत देर तक एन एच 552 सड़क पर बैठे रहे दरसल तीन दिन से खार नाले के तेज बहाव में मुकेश जाटव पुत्र केशु उम्र 27 वर्ष बह गया था। राजस्व प्रशासन व पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम से रेस्क्यू अभियान लगातार जारी बना रहा है। परिजनो ने 2 दिन होंने के बावजूद भी बाडी नहीं मिलने से चक्का जाम लगा दिया चक्का जाम लगते ही प्रशासन हरकत में आ गया राजस्व एवं पुलिस प्रशासन ने परिजनों को भरोसा दिलाया गया स्थानीय गोताखोर भी बाडी को ढूढ ने में लगे रहे।

### पुलिस ने मानव श्रृंखला बनाकर दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**कैलारस।** कैलारस थाना पुलिस ने पुलिस अनुविभागीय अधिकारी उमेश मिश्रा एवं थाना प्रभारी बीरेश सिंह कुशवाह के निर्देशन में नशा मुक्ति अभियान के तहत आज रविवार को शाम करीब 5 बजे एम एस रोड़ पर मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को नशामुक्ति के लिए जागरूक किया है। इस अवसर पर उपनिरीक्षक राममंत्र गुप्ता ने कहा कि नशा हमेशा नुकसानदायक होता है।

# बारिश थमी तो स्वत : बंद हुए पगारा डैम के ऑटोमेटिक गेट

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 20 जुलाई।** जौरा-पहाड़गढ़ के जंगलों में बीते दो दिन से बारिश के थमने का असर रविवार को पगारा डैम के

**बांध का जलस्तर 653 फीट पर पहुंचा, सैलानियों की जुटी भीड़**

जलस्तर में देखने को मिला। ओव्हरफ्लो चल रहे पगारा डैम से दो दिन तक हैवी डिस्चार्ज के बाद बांध का जलस्तर 653 फीट पर आ गया है। जलस्तर में कमी आने से डैम के ऑटोगेटिक स्वत: ही बंद हो गए है।



वहीं दूसरी ओर पगारा डैम के फुल होने के बाद से ही उसे देखने के लिए सैलानियों का हुजूम उमड़ रहा है। हालांकि एहतियाहत के तौर पर अभी सैलानियों को बांध के नजदीक नहीं जाने दिया जा रहा है। डैम पर जौरा, कैलारस, सबलगढ़ के साथ मुरैना और ग्वालियर से रोजाना बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे है।

# कौंथरखुर्द में रपटा पर आया क्वारी नदी का पानी, अलर्ट

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/पोरसा, 20 जुलाई।** पगारा और कोतवाल डैम के खुलने के बाद क्वारी नदी में जलस्तर के बढ़ने का असर पोरसा क्षेत्र में कौंथरखुर्द गांव के पास

**मौके पर पुलिस के जवान तैनात, आवागमन पूर्णत : बंद**

क्वारी नदी के रपटा पर रविवार को देखने को मिला। रपटा के ऊपर से पानी के बहने के कारण यहां से आवागमन को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। एहतियातन मौके पर पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है।



कौंथरखुर्द के रपटा पर पानी आने के कारण एक सैकड़ा से अधिक गांवों का आवागमन बंद हो गया है। जर्जर हालत में पहुंच चुके इस रपटे के पुर्ननिर्माण को लेकर ग्रामीणों द्वारा कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन दिए जा चुके है, लेकिन अब तक रपटे का निर्माण नहीं हुआ है।

### हाईवे पर कांवड़ियों को बांटी प्रसादी, जल सेवा की

**मुरैना, 20 जुलाई।** श्रावण मास में भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए गंगाजी के घाटों से कांवड़ भरकर ला रहे कांवड़ियों का रविवार को एनएच-44 हाईवे पर समाजसेवियों ने जोरदार स्वागत और सत्कार किया। लॉ कॉलेज की डॉ. अंजलि मुदगल, डॉ. अंजली चौहान सहित बड़ी संख्या में अन्य समाजसेवियों ने मिलकर हाईवे पर टेंट लगाकर कांवड़ियों का स्वागत किया। इस दौरान उनके द्वारा कांवड़ियों को प्रसादी के रूप में स्वल्पाहार कराया और जल सेवा भी की। इस मौके पर गणेश सिंह कुशवाह, संतोष वर्मा, महेन्द्र तोमर, संदीप तिवारी, बल्लू कुशवाह, खालिद खान, ललित टैगोर, लोकेन्द्र सिकरवार, प्रशांत तोमर, आदर्श श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।




# पहाड़गढ़ रोड पर लगेगी स्ट्रीट लाइट, शहर के सौंदर्यकरण की दिशा में बड़ा कदम

**नवभारत न्यूज**
**कैलारस, 20 जुलाई।** नगर के प्रमुख मार्गों को और अधिक सुंदर, सुरक्षित व आधुनिक बनाने

**ऑक्टोगोनल पोल पर लगेगी लाइट, 20 लाख की लागत से होगा कार्य**

की दिशा में नगर परिषद तेजी से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में नहर से एमएस रोड तक के डिवाइडर



पर ऑक्टोगोनल पोल पर स्ट्रीट लाइटें लगाने का कार्य जल्द शुरू होने वाला है। इस कार्य पर लगभग 20 लाख की लागत आएगी और ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से शीघ्र कार्य प्रारंभ होगा।

नगर परिषद अध्यक्ष अंजना बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि शहरवासियों से किए गए हर वादे को हर हाल में पूरा किया जाएगा। पहाड़गढ़ रोड पर कई बार भ्रमण के दौरान यह महसूस हुआ कि यह मार्ग और अधिक सुंदर एवं रोशनी से युक्त होना चाहिए। यदि ऑक्टोगोनल पोल पर स्ट्रीट लाइट लगाई जाए तो यह मार्ग न केवल आकर्षक दिखेगा बल्कि लोगों को सुविधा भी होगी। इसी उद्देश्य से मैंने सीएमओ और उपयंत्री को निर्देशित किया और कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बहुत जल्द यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।